| |
|---|
| दिनांक 15.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 23/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी ना0पु0 के 60,244 पदों पर नव चयनित आरक्षियों को मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया नियुक्ति-पत्र

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उ0प्र0 जैसे विशाल राज्य में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स नीति पर कार्य करने एवं प्रदेश की महिलाओं, बच्चियों एवं आमजन को त्वरित न्याय दिलाने की मंशा से विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल में 60,244 आरक्षियों की भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराकर नव चयनित समस्त आरक्षियों को **एक साथ, एक स्थान पर, एक दिन में नियुक्ति-पत्र** वितरित किया गया। जो प्रदेश सरकार का एक ऐतिहासिक कदम है।

आज दिनॉकः 15.06.2025 को राजधानी लखनऊ स्थित डिफेन्स एक्सपो मैदान वृन्दावन में उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी ना0पु0 के 60,244 पदों पर नव चयनित आरक्षियों को **मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार श्री अमित शाह जी** के कर कमलो एंव **मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी** की गरिमामयी उपस्थिति में नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार श्री अमित शाह जी** रहें, जिनका **मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मोमेन्टो भेंट** कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर **मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा उ0प्र0 पुलिस में नव चयनित 15 अभ्यर्थियों** 1-सत्यम नायक संतकबीरनगर 2-प्रेम सागर खीरी 3-शालिनी शाक्य फर्रुखाबाद 4-उपेन्द्र कुमार यादव बलिया 5-शिल्पा सिंह बरेली 6-बीनू बाबू कानपुर देहात 7-योगेन्द्र सिंह महोबा 8-शिवांश पटेल उन्नाव 9-मनीष त्रिपाठी वाराणसी (काशी) 10-रोशन जहां लखनऊ 11-आज़ाद कुशवाहा कानपुर नगर 12-मिथिलेश भट्ट गोरखपुर 13-सोनी रावत रायबरेली 14-नेहा गोंड मऊ 15-सचिन सैनी बागपत को **नियुक्ति-पत्र प्रदान कर उन्हे शुभकामनाएं** दी गयी।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा स्वागत सम्बोधन में आज के इस भव्य नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि आपने अपने व्यस्ततम समय में से समय निकाल कर इस गौरवशाली आयोजन को ऐतिहासिक बनाया है। आपकी उपस्थिति न केवल इन नवनियुक्त पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायक है बल्कि यह उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रति आपके स्नेह, विश्वास एवं मार्गदर्शन का भी प्रतीक है।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा मा0मुख्यमंत्री जी एवं समस्त महानुभावों का हृदय से स्वागत करते हुए कहा गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के ऊर्जावान नेतृत्व व सतत् मार्ग दर्शन के कारण ही, 60244 आरक्षियों की भर्ती का यह दुरुह कार्य, पूर्ण शुचिता व पारदर्शिता से, सम्पन्न हो पाया है।

आज का यह अवसर न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश शासन की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और सुशासन की सशक्त अभिव्यक्ति भी है।

2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था में जो परिवर्तन आया है, वह अभूतपूर्व है। यह बदलाव आंकड़ों में नहीं, जमीन पर दिखाई देता है- संगठित अपराध और माफिया तत्वों के विरुद्ध की गई निर्णायक कार्रवाई, महिला एवं बाल सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति जैसे प्रयास, और जनविश्वास में आई वृद्धि ये सभी इस परिवर्तन की गवाही देते हैं।

यह सब संभव हुआ है, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प और गुड गवर्नेस के विजन के कारण, माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के सतत् मार्गदर्शन तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्भीक नेतृत्व और कठोर संकल्प के चलते, जिन्होंने कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता और संसाधन दिए।

आज माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी 12048 महिला आरक्षियों सहित जिन 60,244 नवचयनित आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं, वह संख्या अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पर इससे भी बड़ा रिकॉर्ड यह है कि यह भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और मेरिट आधारित रही। उत्तर प्रदेश पुलिस की यह परिवर्तनशील यात्रा माननीय मुख्यमंत्री जी के ओजस्वी नेतृत्व और सतत् मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं थी।

यह प्रक्रिया किसी एक परीक्षा की नहीं, बल्कि प्रणाली पर जनता के विश्वास की परीक्षा थी- और हमें संतोष व गर्व है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने यह कठिन परीक्षा पास की। 48,17,441

अभ्यर्थियों के लिए, 1174 केन्द्रों पर, 10 पालियों में आयोजित यह परीक्षा तकनीक के सशक्त उपयोग-फेस रिकग्निशन, एआई, बायोमैट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, ऑनलाइन डाटा प्रबंधन, सुदृढ व Detailed SOPs, तथा मुख्य सचिव महोदय के नेतृत्व में सभी जिलों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की अभूतपूर्व सहभागिता व भर्ती बोर्ड के अधिकारियों व कर्मियों की कर्मठता- इन सभी ने न केवल इसकी शुचिता को सुनिश्चित किया, बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल भी प्रस्तुत किया।

यह केवल नियुक्ति नहीं-यह अवसर और प्रतिभा के बीच सेतु बनाने की ऐतिहासिक प्रक्रिया थी जिसने यह साबित किया कि, जब सिस्टम पारदर्शी हो, तो प्रतिभा को अवसर स्वतः मिलते हैं।

अब जब आप सभी उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के रूप में इस पवित्र जिम्मेदारी को निभाने जा रहे हैं, तो आपके प्रशिक्षण की गुणवत्ता और दृष्टि सबसे महत्वपूर्ण बन जाती है।

उत्तर प्रदेश पुलिस का संकल्प है कि आपको 20 जून से 112 केन्द्रों पर प्रारम्भ होने वाला ऐसा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो पुलिसिंग के परंपरागत मूल्यों-शारीरिक दक्षता, अनुशासन और कानूनी समझ के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी ज्ञान, सवांद कौशल, नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार तथा महिलाओं व बाल सुरक्षा के लिए संवेदनशील दृष्टिकोण से भी लैस करें, ताकि आप एक दक्ष पुलिसकर्मी बनकर भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा नव चयनित आरक्षियों को उत्तर प्रदेश पुलिस के इस नए, मजबूत और संवेदनशील स्वरूप का हिस्सा बनने पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी गयी।

**मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 द्वारा दिये गये सम्बोधन के मुख्य अंशः-**

**मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0** द्वारा केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का, प्रदेश के सभी नव चयनित आरक्षियों एवं प्रदेश वासियों की ओर से हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में यह 60244 पुलिस कार्मिकों की भर्ती और नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम ऐसे समय में संपन्न होने जा रहा है जब यह देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्ष के कार्यकाल को एक नए भारत के रूप में हर भारतवासी के लिए उसके जीवन में परिवर्तनकारी सिद्ध होकर बिना भेदभाव, शासन की योजना का लाभ उस तक पहुंचाने का कार्य हुआ है। आज का यह कार्यक्रम आदरणीय प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व आदरणीय गृह मंत्री जी के यशस्वी मार्गदर्शन का परिणाम है पिछले 8 वर्ष में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने 8.5 लाख से अधिक सरकारी नयी नौकरियां उत्तर प्रदेश के नौजवानों को देकर परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या हो सकती है उसका उदाहरण प्रस्तुत किया और उसका एक उदाहरण आज यहां पर 60244 पुलिस कार्मिकों

की नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम भी उसका साक्षी बनने जा रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि स्मार्ट पुलिसिंग आज की आवश्यकता है और स्मार्ट पुलिसिंग के कुछ सूत्र उन्होंने दिए थे कि स्ट्रिक्ट एंड सेंसिटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटेबल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी एंड ट्रेंड, पुलिस बल आज की आवश्यकता है और उसी को ध्यान में रखकर उत्तर प्रदेश पुलिस बल में भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जुलाई 2024 से आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में देश के अंदर तीन नए कानून लागू होने के लिए जो कार्य योजना आगे बढ़ाई गई आज उसके परिणाम हम सबके सामने हैं भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, जो तीन नए कानून है जिसकी मूल भावना दंड आधारित ना होकर न्याय प्रधान है इनमें वैज्ञानिक साक्ष्य और तकनीक का ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है और इसके लिए उत्तर प्रदेश में 08 नए फॉरेंसिक लैब तैयार होकर चालू हो चुके हैं तथा 06 नए लैब पर काम चल रहा है और 75 जनपदों में गृह मंत्रालय के सहयोग से दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक लैब उपलब्ध करवाई गयी है और तीसरी उपलब्ध करवाने की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया गया है। सभी 75 जनपदों में एक-एक साइबर थाने तथा सभी थानो साइबर हेल्प डेस्क की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

आज जब 60,244 पुलिस कर्मी नियुक्ति पत्र प्राप्त कर रहे हैं स्वभाविक रूप से इनके जीवन की जो तमन्ना थी, इनके माता-पिता, अभिभावक के जीवन की जो एक आस थी कि ये भी पुलिस बल का हिस्सा बन सके, आज साकार रूप से होते हुए दिखाई दे रहा है। गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी चाहे वह जनजातीय परिवार का हो, चाहे वह वंचित और दलित परिवार का हो, चाहे वह अति पिछड़ी और पिछड़ी जाति से जुड़ा हुआ हो, चाहे वह बेटियां हो, इस पूरी पुलिस भर्ती में बिना भेदभाव के सभी को स्थान प्राप्त हुआ है और आज ये लोग पुलिस भर्ती का हिस्सा बनकर, इस पूरे अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। ये भी उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की सुरक्षा में सहायक बन पाएंगे।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्दी धारी फोर्स के लिए एक नियम है कि ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आएगी।

अन्त में मा0 मुख्यमंत्री जी ने नव चयनित जवानो से मित्रवत, संवेदनशील और जनता की समस्याओं को हल करने वाले पुलिस कर्मी बनने का अवाहन किया तथा नव चयनित पुलिस कर्मियों और उनके माता पिता को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि ये प्रदेश की सेवा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगें।

**<u>मा0 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा अपने सम्बोधन में</u>** भारत के सबसे बड़े पुलिस बल का अभिन्य हिस्सा बनने जा रहे 60,244 नव चयनित पुलिस कर्मियों को अन्नत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो 60,244 युवा बैठे हैं उनमें किसी को भी एक पाई की भी रिश्वत देनी नहीं पड़ी है यह पारदर्शिता के साथ भर्ती हुई, ना खर्ची, ना पर्ची, सिफारिश से भी नहीं, जाति के आधार पर भी नहीं और भ्रष्टाचार से भी नहीं। योग्यता के आधार पर 48 लाख एप्लीकेशन में से आप सब अपनी योग्यता के आधार पर आए हैं। इससे बड़ी उपलब्धि किसी भी शासन के लिए कोई नहीं हो सकती है।

अब कैमरे भी है, कंट्रोल रूम भी है, कमांड सेंटर भी है, पीसीआर वैन भी है और 150 से ज्यादा ऑन व्हील एफएसएल के यूनिट भी लोगों को न्याय दिलाने के काम में लगे हैं। आप सभी को इसी को आगे ले जाना है। सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता इस तीनो मंत्र के साथ आप आगे बढ़ेंगे इसका मुझे भरोसा है।

आप सभी लोग देश के सबसे बड़े पुलिस बल जिसकी संख्या करीब 4 लाख है उस पुलिस बल के सदस्य बनने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस मतलब आपका डर गुंडागर्दी करने वालो पर, माफियाओं पर सख्त से सख्त होना चाहिए और गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी इनको आप में मसीहा दिखाई पड़ना चाहिए, इस तरह से पूरा जीवन उत्तर प्रदेश के माध्यम से आप देश की सेवा करेंगे इसका मुझे भरोसा है।

अन्त में मा0 केन्द्रिय गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा पुनः एक बार इस पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और समाज के हर वर्ग के समावेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, योगी आदित्यनाथ जी और उनकी टीम को हृदय पूर्वक बहुत-बहुत साधुवाद दिया गया।

इस अवसर पर मा0 उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी, श्री बृजेश पाठक जी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री भूपेन्द्र चौधरी जी, मा0 मंत्रीगण श्री सुरेश खन्ना जी, श्री सूर्य प्रताप शाही जी, श्री स्वत्रंत देव सिंह जी, श्रीमती बेबी रानी मौर्या जी, श्री संजय निषाद जी, श्री आशीष पटेल जी, श्री अनिल कुमार जी, श्री ओम प्रकाश राजभर जी, मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह श्री संजय प्रसाद उत्तर प्रदेश शासन, गणमान्य व्यक्ति एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहें।












आरक्षी नागरिक पुलिस
सीधी भर्ती-2023


आरक्षी नागरिक पुलिस
सीधी भर्ती-2023


RAJEEV KRISHNA
आरक्षी नागरिक पुलिस
सीधी भर्ती-2023



| |
|---|
| दिनांक 15.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## एस0टी0एफ0–अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सक्रिय सदस्य लगभग 02.31 कुन्तल गॉजा (अनुमानित मूल्य लगभग 85 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार।

दिनांक 15–06–2025 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सक्रिय सदस्यों को लगभग 02.31 कुन्तल गॉजा (अनुमानित मूल्य लगभग 85 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः**

1. जय प्रकाश पासवान पुत्र स्व0 राम सागर पासवान निवासी ग्राम पचरा खुर्द पोस्ट बरगव थाना कुसेसर स्थान, जनपद दरभंगा, बिहार।
2. राहुल कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम धामपुर पोस्ट फूलबाग कालोनी थाना धामपुर जनपद बिजनौर उ0प्र0।

**बरामदगीः**

1– 02.31 कुन्तल गॉजा (अनुमानित मूल्य लगभग 85 लाख रूपये)।

2– नकद 330/–रूपये।

3– आयसर डीसीएम नं0 एच0आर0–69 एफ 2480

4– 01 अदद मोबाइल फोन।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय**

झांसी से कानपुर हाइवे एनएच–27 मोठ बाईपास केसर वाटिका के समीप हाइवे पर।

दिनांक 15–06–2025 समय 11:50 बजे।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएँ प्राप्त हो रही थीं। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की

विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री शैलेश प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के पर्यवेक्षण व निरीक्षक श्री जय प्रकाश राय एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के नेतृत्व में टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 15–06–2025 को एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, प्रयागराज की एक टीम जनपद झांसी में आपराधिक अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से भ्रमणशील थी। इसी दौरान ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की व्यापक स्तर पर तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्य रायपुर छत्तीसगढ़ से आयसर डीसीएम नं0 एच0आर0–69 एफ 2480 में अवैध मादक पदार्थ (गॉजा) लोड करके झांसी के रास्ते बिजनौर उ0प्र0 जा रहे है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक श्री रणेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी प्रभन्जन पाण्डेय, सन्तोष कुमार, किशन चन्द्र, आरक्षी चालक रवि कान्त सिंह की टीम द्वारा झांसी से कानपुर हाइवे एनएच–27 मोठ बाईपास केसर वाटिका के समीप हाइवे पर थाना क्षेत्र मोठ जनपद झांसी के पास उक्त डीसीएम को रोककर तलाशी ली गयी, तो मछली के दाने की बोरियों के बीच में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (गॉजा) छिपाकर रखा हुआ पाया गया, जिस पर दोनों तस्करों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि उनका अवैध मादक पदार्थ तस्करी का सक्रिय गिरोह है, जो रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य से गॉजा लाकर बिजनौर व उसके आस पास के विभिन्न जनपदों में ऊँचें दामों में बेचता है। इस गिरोह के सक्रिय सदस्य युसुफ अंसारी निवासी जनपद बरेली व सरगना पवन पाण्डेय जनपद प्रतापगढ़ है। यह लोग कई वर्षों से अवैध गांजे की तस्करी का काम करते आ रहे है। गिरोह के सरगना पवन पाण्डेय द्वारा ही रायपुर छत्तीसगढ़ से डीसीएम में मछली के दाने की बोरियों की आड़ में अवैध मादक पदार्थ (गॉजा) लोड कराया गया था, जिसे लेकर यह लोग बिजनौर जा रहे थे। इसके पूर्व भी इनके द्वारा कई बार अवैध मादक पदार्थ (गॉजा) सप्लाई किया जा चुका है। इस काम में जो भी मुनाफा होता है आपस में बॉट लेते है। गॉजे की खेप समय से पहॅुचाने के एवज में इन्हें 15–15 हजार रूपये अलग से मिलता है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना मोठ, जनपद झांसी में मु0अ0सं0 137/2025 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।

**एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, उ0प्र0– ए०एन०टी०एफ० थाना बाराबंकी द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 सक्रिय तस्कर गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 864 ग्राम अवैध स्मैक/हेरोईन जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत (लगभग 01 करोड़, 70 लाख रुपये) व 01 अदद मोटर साइकिल सुजुकी जिक्सर UP32MY0121 बरामद ।**

पुलिस महानिदेशक उ०प्र०, लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, उ0प्र0, लखनऊ के मार्ग दर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक, ए०एन०टी०एफ०, लखनऊ के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), ए०एन०टी०एफ० मुख्यालय, लखनऊ के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक, ए०एन०टी०एफ०, ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ के नेतृत्व में एएनटीएफ थाना बाराबंकी द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला 01 सक्रिय तस्कर साद उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र इकलाख निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को पकड़ कर, उसके कब्जे से 864 ग्राम अवैध स्मैक / हेरोईन जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत (लगभग 01 करोड़, 70 लाख रुपये) व 01 अदद मोटर साइकिल सुजुकी जिक्सर UP32MY0121 बरामद कर, गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी में मु0अ0सं0 594/2025 धारा 8/21/29/60 एन.डी.पी. एस. एक्ट, 1985 पंजीकृत कराकर, अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पूछताछ का विवरणः–**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से गहनता से पूछताछ की गई तो अभियुक्त साद द्वारा बताया गया कि साहब यह अवैध मादक पदार्थ तुफैल पुत्र बहरे निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी का है, जिसे बेचने के लिए लाया था। मैं अधिक पैसे कमाने के लालच में यह काम करता हूँ। मैं और तुफैल आज यह माल एक व्यक्ति को देने हेतु आये थे। बरामद मोटर साइकिल मेरी है जिसे मैं मादक पदार्थ के परिवहन हेतु प्रयोग करता हूँ। अभियुक्त से पूछताछ में काफी लाभप्रद जानकारियाँ प्राप्त हुयी है जिसके सम्बन्ध में फारवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज पर कार्य करते हुए, इस अपराध में संलिप्त इसके अन्य सहयोगियों के विरूद्ध भी जानकारी प्राप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः–**

1. साद उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र इकलाख निवासी ग्राम टिंकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी, उ०प्र०।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः –**

दिनांकः 14.06.2025 समयः 22.50 बजे, स्थानः दारापुर मोड़ लखनऊ अयोध्या हाईवे पर, बाराबंकी।

**कुल बरामदगीः–**

1. 864 ग्राम अवैध स्मैक/हेरोइन जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत (लगभग 01 करोड़, 70 लाख रुपये)।
2. 01 अदद मोटर साइकिल सुजुकी जिक्सर न्ख्32डल01211
3. 01 अदद आईफोन।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम ए०एन०टी०एफ० थाना बाराबंकीः–**

1. उ0नि0 श्री करुणेश पाण्डेय थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
2. उ0नि0 श्री अरविन्द सिंह थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
3. हे0का0 आदिल हाशमी थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
4. हे0का0 वेदप्रकाश दुबे थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
5. हे0का0 आलोक सिंह थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
6. हे0का0 दीपक कुमार थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
7. का0 अमरपाल थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
8. का0 मो० सहबान थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
9. का0 कृष्ण कुमार यादव थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।
10. का0 अभिषेक सिंह थाना ए.एन.टी.एफ. बाराबंकी।

**सहयोगार्थ टीमः** – थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी।

## एन्टी नारकॉटिक्स टास्क फोर्स, उ०प्र०– ए०एन०टी०एफ० थाना गोरखपुर की टीम द्वारा असम राज्य से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग की 03 सक्रिय महिला तस्कर गिरफ्तार, जिनके कब्जे से 04 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम, (अनुमानित अन्तर्राष्टीय मूल्य लगभग 40 लाख रूपये) बरामद।

पुलिस महानिदेशक उ०प्र० लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ०प्र० लखनऊ व अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) उ०प्र० लखनऊ के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स उ०प्र०, लखनऊ के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) एन्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय लखनऊ के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक ए०एन०टी०एफ० ऑपरेशनल यूनिट वाराणसी के नेतृत्व में

एएनटीएफ थाना गोरखपुर द्वारा असम राज्य से अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गैंग की 03 सक्रिय महिला तस्कर 1– समीना बीवी पत्नी मोहम्म मुस्तफा अली निवासी उदयना थाना रंगिया जनपद कामरूप, असम, 2– मझोनी बेगम पुत्री समसुल अली निवासी शैरतपुर रंगिया थाना रंगिया जनपद कामरूप असम 3– अजुफा बेगम पत्नी असलम अली निवासी शैरतपुर रंगिया थाना रंगिया जनपद कामरूप असम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 04 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम, (अनुमानित अन्तर्राष्टीय मूल्य लगभग 40 लाख रूपये) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। थाना जीआरपी कैण्ट अयोध्या जनपद अयोध्या में मु0अ0स0 24/2025 धारा 8/18/29 एन०डी०पी०एस० एक्ट 1985 का अभियोग पंजीकृत कराया गया। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पुछताछ का विवरण–**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्ताओं से महिला पुलिस कर्मी की उपस्थिति अलग–अलग व संयुक्त रूप से में पूछताछ की गयी तो बताया कि हम लोग यह अफीम असम से लेकर जनपद बरेली जा रही थी। जनपद बरेली स्टेशन पर पहुँचने के उपरांत हम लोगो को अफीम देकर भेजने वाले हम लोगो के ही राज्य के तोरिफुल अली पुत्र मोहिर अली निवासी उदयना थाना रंगिया जनपद कामरूप असम द्वारा बताये गये बरेली स्टेशन पहुँचने पर उनके द्वारा किसी व्यक्ति को भेजे जाने के उपरांत यह उपरोक्त अफीम उस व्यक्ति को देकर पुनः असम लौट जाना था हम लोगो को जनपद बरेली में जिस व्यक्ति को मादक पदार्थ अफीम देना था उसके बारे में अन्य कोई जानकारी नहीं है हम लोग केवल उपरोक्त मादक पदार्थ अफीम को पहुँचाने का कार्य किया जाता है जिसके एवज में अच्छी रकम प्राप्त होती है। यह कार्य हम लोग पहले भी कई बार हम लोग कर चुके है।

**नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त–**

1– समीना बीवी पत्नी मोहम्म मुस्तफा अली निवासी उदयना थाना रगिया जनपद कामरूप, असम

2– मझोनी बेगम पुत्री समसुल अली निवासी शैरतपुर रंगिया थाना रंगिया जनपद कामरूप, असम

3– अजुफा बेगम पत्नी असलम अली निवासी शैरतपुर रंगिया थाना रंगिया जनपद कामरूप, असम

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः–**

अयोध्या कैण्ट रेलवे स्टेशन के बाहर अन्तर्गत थाना जीआरपी कैण्ट अयोध्या, दिनांक 15.06.2024 समय करीब 02.00 बजे

**<u>बरामदगी का विवरणः–</u>**

1. 04 किलो अवैध अफीम
2. 03 अदद मोबाइल
3. 1090 रूपये नगदी

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः–</u>**

1– उ०नि० रमेश राम ए०एन०टी०एफ० थाना गोरखपुर।

2– हे0का0 राधेश्याम ए०एन०टी०एफ० थाना गोरखपुर।

3– हे0का0 दिव्य शंकर राय ए०एन०टी०एफ० थाना गोरखपुर।

4– हे0का0 दीपक वर्मा ए०एन०टी०एफ० थाना गोरखपुर।

5– हे0 का0 विजय शंकर मौर्या ऑपरेशनल यूनिट ए०एन०टी०एफ० गोरखपुर ।

**<u>सहयोगार्थ थाना टीम –</u>**

1– उ०नि० राम नारायण यादव थाना जीआरपी कैण्ट जनपद अयोध्या।

2– का0 प्रशान्त कुमार सिंह थाना जीआरपी कैण्ट जनपद अयोध्या।

3– का० प्रवीन दिक्षीत थाना जीआरपी कैण्ट जनपद अयोध्या।

4– म0का0 अंजू रावत थाना जीआरपी कैण्ट जनपद अयोध्या।

**<u>एन्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स, उ०प्र०– ए०एन०टी०एफ० थाना मेरठ की टीम द्वारा द्वारा अन्तर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग का 01 सक्रिय तस्कर गिरफ्तार, जिसके कब्जे 03 किलो 35 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम, (अनुमानित अन्तर्राष्टीय मूल्य लगभग 30 लाख रूपये) मय एक अदद टीवीएस अपाचे मो०स० UP24BD8446 के बरामद।</u>**

पुलिस महानिदेशक उ०प्र० लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ०प्र० लखनऊ व अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) उ०प्र० लखनऊ के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स उ०प्र०, लखनऊ के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) एन्टी नार्कॉटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय लखनऊ के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक ए०एन०टी०एफ० ऑपरेशनल यूनिट मेरठ के नेतृत्व में एएनटीएफ थाना मेरठ द्वास अवैध मादक पदार्थों की तस्कीर करने वाले गैंग के 01 सक्रिय तस्कर देवेंद्र पुत्र प्रेमपाल निवासी धरमपुर बिहारीपुर थाना बिसोली जनपद बदायू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 03 किलो 35 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम,

(अनुमानित अन्तर्राष्टीय मूल्य लगभग 30 लाख रूपये) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। थाना बिसोली जनपद बदायूं में मु0अ0स0 175/2025 धारा 8/18/29/60 एन०डी०पी०एस० एक्ट 1985 का अभियोग पंजीकृत कराया गया। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पुछताछ का विवरण–**

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि मैं यह अफीम झारखण्ड से लाया था। रवि शर्मा निवासी वजीरगंज, बदायूँ व संतोष शर्मा उर्फ पंडित निवासी वजीरगंज, बदायूँ जोकि दोनों भाई है मुझसे झारखण्ड की अफीम खरीदते हैं और ग्राहकों को बेचते हैं। जिससे मोटा लाभ होता है। हम तीनों पार्टनरशिप में काम करते हैं जिसमें मेरा काम अफीम लाना है, अफीम को बेचने का काम रवि और संतोष का है। भागे गए व्यक्ति से बारे में पूछने पर बताया कि संतोष शर्मा उर्फ पडित व रवि शर्मा नि० वजीरगंज बदायूं है। बरामद मोटर साइकिल के बारे में पूछने पर बताया गया कि इस मोटर साइकिल से सन्तोष व रवि अफीम लेने आये थे, यह मोटरसाइकिल सन्तोष चलाकर लाया था, इस मोटरसाइकिल का उपयोग दोनों अफीम की तस्करी करने में करते हैं।

**नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त–**

देवेंद्र पुत्र प्रेमपाल निवासी धरमपुर बिहारीपुर थाना बिसोली जनपद बदायूं

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः–**

बसई ग्राम के पास सडक बिसौली से बदायूं रोड, दिनांक 14.06.2024 समय करीब 22.55 बजे

**बरामदगी का विवरणः–**

1. 03 किलो 35 ग्राम अवैध अफीम

2.01 अदद मो०सा० न0 UP24BD8446

3.01 अदद मोबाइल

4. 500 रूपये नगदी

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः–**

1– उ0नि0 राजेन्द्र सिंह ए०एन०टी०एफ० थाना मेरठ।

2– उ0नि0 अवधेश ए०एन०टी०एफ० थाना सहारनपुर।

3– हे0का0 राजेन्द्र सिंह ए०एन०टी०एफ० थाना मेरठ।

4– हे0का0 पंकज चौधरी ए०एन०टी०एफ० थाना मेरठ।

5– का० अंकित कुमार ए०एन०टी०एफ० थाना मेरठ।

6– का0 कपिल रावत ए०एन०टी०एफ० थाना मेरठ।

7– का0 नगेन्द्र यादव ए०एन०टी०एफ० थाना सहारनपुर

**सहयोगार्थ थाना टीम –**

1– उ0नि0 मौहम्मद अरशद थाना बिसोली जनपद बदायूं।

2– हे0का0 445 महावीर सिंह थाना बिसोली जनपद बदायूं।

3– का0 1120 राघव सिंह थाना बिसोली जनपद बदायूं।

4– एच.जी. 1669 सत्यवीर थाना बिसोली जनपद बदायूं।

**कमिश्नेरट गाजियाबाद/थाना टीलामोड़**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 10 लाख 10 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 14/15.06.2025 को थाना टीलामोड़ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान हिण्डन पुल फरूखनगर के पास से अभियुक्त 1–दीपक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशादेही पर पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त 2–अंकित 3–कार्तिक घायल/गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 10 लाख 10 हजार रूपये नगद, 02 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस विभिन्न बोर, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.06.2025 को थाना टीलामोड़ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना टीलामोड़ पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया आदि उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना टीलामोड़ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दीपक निवासी ग्राम खडखडी थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–अंकित निवासी घिटौरा थाना खेकडा जनपद बागपत।

3–कार्तिक निवासी घिटौरा थाना खेकडा जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1–लूट के 10 लाख 10 हजार रूपये नगद।

2–02 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3–घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि।

————————